कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)–482001

जबलपुर दिनांकः 25/07/24

क्रमांक / स्था / 2024 / 812

–:विशेष भर्ती अभियान अन्तर्गत दिव्यांगजनों हेतु विज्ञप्तिः–

म0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 8–2 / 2013 / आप्र / एक, भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, भोपाल के पत्र क्रमांक / स्था / 3 / डी / 2024 / 741, दिनांक 10.06.2024 में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत इस महाविद्यालय में सीधी भर्ती से दिव्यांगजनों के लिये भृत्य के पद की पूर्ति वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है । आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाति छायाप्रतियो सहित दिनांक 12 / 08 / 2024 को 04.30 बजे तक शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर पिन कोड–482001 पर भेजे / जमा करें । रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र | पद का विवरण एवं वेतनमान | दिव्यांगता का प्रकार | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भृत्य<br>वेतनमान लेबल–1 | ऑटिज्म बौद्धिक दिव्यांगता स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहु विकलांगता | 01 | कक्षा 8 वी उत्तीर्ण |

भर्ती हेतु निर्धारित नियम व शर्ते :–

1. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।
2. आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है ।
3. निःशक्तता 40 प्रतिशत या इससे अधिक होना आवश्यक है, इस हेतु जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया डिजिटल प्रमाण–पत्र मान्य होगा ।
4. ऐसे दिव्यांग उम्मीदवार को नियुक्ति दी जावेगी जो विज्ञापित पद पर कार्य करने के लिए शारीरिक रूप से सामान्यतः उपयुक्त एवं सक्षम हो, तत्संबंधी प्रमाण पत्र व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र (VRC) जबलपुर से प्राप्त कर संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
5. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अपना जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन में अनिवार्य रूप से संलग्न करें ।
6. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट का प्रावधान है ।
7. दिव्यांगजन आवेदन पत्र पर रंगीन पासपोर्ट फोटो चस्पा कर राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित कराकर समस्त स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित संस्था में दिनांक 29.07.2024 तक उपलब्ध करावे ।
8. कोई भी आवेदक जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया है इस पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।
9. जिस आवेदक के 2 से अधिक संतान हो, जिसमें से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, आवेदक आवेदन के पात्र नहीं होगे ।
10. शासकीय सेवा / अर्द्धशासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ नियुक्तिकर्ता अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है ।
11. चयनित उम्मीदवार का नियुक्ति के पूर्व पुलिस विभाग से सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल पाए जाने पर नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा ।
12. चयनित उम्मीदवार का नियुक्ति के पूर्व मेडिकल बोर्ड द्वारा निःशक्तता का परीक्षण उपरांत सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल पाये जाने पर ही नियुक्ति आदेश जारी किये जावेगे ।
13. दिनांक 16.08.2024 को प्रातः 11.30 बजे उम्मीदवार ''वॉक इन इन्टव्यू'' के लिए महाविद्यालय में उपस्थित होवे । अभ्यर्थी को वॉक–इन–इन्टव्यू के समय अपने मूल दस्तावेज / प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है ।
14. विज्ञापन में प्रयुक्त किये गये शब्दों 'वॉक–इन–इन्टरव्यू / साक्षात्कार' से आशय अभ्यर्थी की भौतिक उपस्थिति से है।

प्राचार्य
शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)